web : www.nyaysakshi.com ‖ पृष्ठ-2 में पढ़ें संपादकीय-खेल-व्यापार-धर्म-खाना खजाना-राशिफल ‖ पृष्ठ-3 में पढ़ें छत्तीसगढ़-प्रादेशिक-सेहत-विज्ञान-फीचर

दैनिक

# न्याय साक्षी

अधिकार से न्याय तक

**आवश्यक सूचना**

आप सभी को सूचित करते हर्ष हो रहा है, कि न्यायसाक्षी अधिकार से न्याय तक दैनिक हो गया है। इसका सर्वे का कार्य आगे भी तेजी से चल रहा है, जल्द ही सर्वे की टीम आपके घर विजिट करेगी, कृपया अपनी प्रति सुरक्षित कराएं।

RNI NO :- CHHHIN/2018/76480 ‖ Postal Registration No-055/Raigarh DN CG ‖ रायगढ़, मंगलनवार 30 अप्रैल 2019 ‖ पृष्ठ-4, मूल्य 3 रूपए ‖ वर्ष-01, अंक-207

## रेखा-अनुपम खेर समेत कई बॉलीवुड हस्तियों ने डाला वोट



मुंबई (आरएनएस)। आमिर खान, प्रियंका चोपड़ा जोनस, उर्मिला मातोंडकर, माधुरी दीक्षित नेने और अन्य बॉलीवुड हस्तियों ने सोमवार को लोकसभा चुनाव के चौथे चरण में मुंबई में मतदान किया और अन्य लोगों से घरों से बाहर निकलकर मतदान करने का आग्रह किया। प्रियंका ने अपनी स्याही लगी उंगली दिखाते हुए एक सेल्फी के साथ ट्वीट किया, यह वह क्षण है जो मायने रखती है.. हर वोट एक आवाज है, जो अहम है।

रेखा, किरण राव, संजय खान, शंकर महादेवन, परेश रावल, रवि किशन, अजय देवगन, काजोल, कैलाश खेर, महेश भट्ट, अहाना कुमरा, सपना मोती भवनानी, पूजा भट्ट, दिव्या दत्ता, जायद खान, सोनाली बेंद्रे, अनुपम खेर, गोल्डी बहल और ट्विंकल खन्ना उन बॉलीवुड हस्तियों में से एक रहे, जिन्होंने मतदान किया।

मुंबई उत्तर सीट से कांग्रेस उम्मीदवार उर्मिला ने बांद्रा के पोलिंग बूथ नंबर 190 पर अपना वोट डाला। उत्तर प्रदेश की गोरखपुर सीट से भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) उम्मीदवार अभिनेता रवि किशन ने गोरेगांव में अपना वोट डाला। दिग्गज अभिनेता व राजनेता परेश रावल ने अपनी पत्नी स्वरूप संपत के साथ विले पार्ले के जमना बाई स्कूल में वोट डाला। मीडिया ने जब आमिर का बाइट लेने की कोशिश की तो उन्होंने मजाक किया लेकिन मतदान की अहमियत पर जोर दिया। अभिनेता राहुल बोस वोट डालने के लिए हैदराबाद से मुंबई पहुंचे और फिर शूटिंग के लिए हैदराबाद रवाना हो गए।

पूजा ने कहा कि बांद्रा में मतदान केंद्र के बाहर मतदाताओं की लंबी कतारे देखकर उन्हें खुशी हुई। अभिनेत्री दिव्या दत्ता ने लोगों से वोट डालने की अपील करते हुए कहा कि एक वोट बदलाव ला सकता है। फिल्मकार प्रकाश झा अपनी बेटी के साथ वोट डालने गए। माधुरी ने लिखा, मतदान करना हमारा अधिकार है। हम इसका बुद्धिमानी से उपयोग करें। देश का भविष्य हमारे हाथों में हैं। आइए अपना कर्तव्य निभाएं और भारत के लिए मतदान करें।

पत्नी के साथ वोट डालने पहुंचे आर. माधवन ने युवाओं से बिना कोई बहाना बनाए वोट डालने का आग्रह किया। गुल पनाग ने भी लोगों से घरों से बाहर निकलकर वोट डालने की अपील की।

जहां एक ओर उर्मिला और सनी देओल जैसे स्टार उम्मीदवार चुनाव लड़ रहे हैं, वहीं भाजपा ने बॉलीवुड के सॉफ्ट पावर का इस्तेमाल किया और आमिर, सलमान खान, अक्षय कुमार, दीपिका पादुकोण, ए.आर. रहमान, आयुष्मान खुराना और आलिया भट्ट जैसे सितारों से वोट करने की अपील करवाई।

वहीं, कांग्रेस ने ट्विटर पर बॉलीवुड हस्तियों से च्वोट करो, मगर सोच समझ केज वीडियो के जरिए लोगों को वोट डालने के लिए प्रेरित करवाया। वीडियो में कल्कि कोचलिन, वरुण ग्रोवर, तिग्मांशु धूलिया, नंदिता दास, स्वरा भास्कर, विशाल ददलानी रेणुका शहाणे और कई अन्य हस्तियां हैं।

## ऋण नहीं चुकाने वाले बड़े कर्जदारों का हो खुलासा :सिंघवी



नई दिल्ली (आरएनएस)। कांग्रेस ने कहा है कि उच्चतम न्यायालय ने कर्ज नहीं चुकाने वाले जिन सौ बड़े कर्जदारों के नाम बताने का पिछले सप्ताह रिजर्व बैंक को आदेश दिया है उसका पालन करने के साथ ही यह भी स्पष्ट होना चाहिए कि चार साल तक किन कारणों से इस सूची को सार्वजनिक करने में टालमटोल की जाती रही है।

कांग्रेस प्रवक्ता अभिषेक मनु सिंघवी ने रविवार को यहां पार्टी मुख्यालय में संवाददाता सम्मेलन में कहा कि सूचना के अधिकार के तहत बैंकों का ऋण नहीं लौटाने वाले बड़े कर्जदारों की सूची मांगी गयी थी। याचिकाकर्ता ने सार्वजनिक बैंकों के साथ ही गुजरात के कोपरेटिव बैंक के बड़े कर्जदारों के नाम बताने का भी रिवर्ज बैंक ने आग्रह किया था लेकिन बैंक ने सूची जारी नहीं की।

उन्होंने कहा कि बाद में यह मामला सूचना आयुक्त के पास गया लेकिन नाम सामने नहीं आये। उच्चतम न्यायालय में मुद्दा पहुंचा तो बैंक को जमकर फटकार लगी और नाम सार्वजनिक करने को कहा गया। प्रवक्ता के अनुसार न्यायालय के आदेश के बाद भी बैंक ने बहानेबाजी कर मामले को चार साल तक लटकाए रखा लेकिन पिछले सप्ताह यह मामला फिर न्यायालय के समक्ष आया तो उसने कड़ा रुख अपनाते हुए बैंक को आड़े हाथों लिया और कहा कि यह अवमानना का मामला बन गया है। न्यायालय ने जनहित को देखते हुए बैंक को अंतिम अवसर दिया और कहा कि वह जल्द से जल्द सूची को सार्वजनिक करे।

प्रवक्ता ने कहा कि बैंक को यह बताना चाहिए कि उसे नाम सार्वजनिक करने में दिक्कत क्यों आ रही है। उन्होंने जानना चाहा कि क्या बैंक इस सूची को इसलिए जारी नहीं कर रहा है कि इसमें गुजरात तथा वहां के कोपरेटिव बैंक का नाम है।

## गुरदासपुर से सनी देओल ने नामांकन दाखिल किया

### » भाई बॉबी भी रहे साथ



चंडीगढ़ (आरएनएस)। पंजाब के गुरदासपुर से बीजेपी उम्मीदवार सनी देओल ने आज अपना नामांकन पत्र दाखिल किया। इस दौरान उनके भाई बॉबी देओल, केंद्रीय मंत्री वीके सिंह और जितेंद्र सिंह भी मौजूद रहे। सनी देओल ने अपने असली नाम 'अजय सिंह देओल' से पर्चा दाखिल किया। इससे पहले अभिनेता से नेता बने सनी देओल ने स्वर्ण मंदिर में माथा टेका। नीले रंग की शर्ट के साथ नीले रंग की पगड़ी बांधे अभिनेता सनी अपने समर्थकों के साथ हाथ जोड़े मंदिर परिसर में घुसे। उन्होंने पवित्र स्थल हरमिंदर साहिब में प्रार्थना की।

अपने बेटे सनी देओल के नामांकन से ठीक पहले धर्मेंद ने मतदाताओं से भावुक अपील की। उन्होंने कहा कि हम भारत को अपनी मां मानते हैं और इस मां के लिए आपका सहयोग मांगते हैं। धर्मेंद ने राजनीति के गिरते स्तर पर भी दुख जताया।

गुरुदासपुर में सनी की कड़ी टक्कर कांग्रेस के प्रत्याशी व मौजूदा सांसद सुनील जाखड़ के साथ है। जाखड़ पंजाब कांग्रेस के अध्यक्ष भी हैं। इसके पहले गुरुदासपुर सीट से साल 1998, 1999, 2004 और 2014 में विनोद खन्ना ने जीत हासिल की थी। विनोद खन्ना की मौत के बाद भाजपा ने उनकी पत्नी कविता खन्ना की जगह मुंबई के व्यापारी स्वर्ण सिंह सलारिया को 2017 के उपचुनाव में उम्मीदवार बनाया था। सलारिया करीब 1.93 लाख वोटों से कांग्रेस प्रत्याशी जाखड़ से हार गए थे। बता दें, सनी देओल ने बॉलीवुड को बॉर्डर, बेताब, गदर-एक प्रेमकथा, घायल जैसी कई ब्लॉकबस्टर फिल्में दी हैं।

## प्रधानमंत्री का लोगों से भारी संख्या में मतदान का आग्रह

नईदिल्ली (आरएनएस)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमवार को मतदाताओं से लोकसभा चुनाव के चौथे चरण में मतदान करने और पिछले तीन चरणों के मतदान रिकॉर्ड तोड़ने का आग्रह किया। मोदी ने ट्वीट कर कहा, 7 आम चुनाव का एक और चरण आज शुरू होता है। उम्मीद है कि आज बड़ी संख्या में लोग मतदान करेंगे और पिछले तीन चरणों के मतदान रिकॉर्ड को तोड़ देंगे। युवा मतदाताओं से मताधिकार का प्रयोग करने की विशेष अपील करता हूं। नौ राज्यों में 72 लोकसभा क्षेत्रों में मतदान हो रहे हैं, जिनमें ज्यादातर हिंदी भाषी क्षेत्र हैं।

इस चरण में कुल 12.79 करोड़ लोग मतदान करने के पात्र हैं। महाराष्ट्र में 17, मध्य प्रदेश और ओडिशा में छह-छह, उत्तर प्रदेश और राजस्था में 13-13, बिहार में पांच, पश्चिम बंगाल में आठ सीटों और झारखंड में तीन सीटों पर मतदान हो रहा है।

## जनता एक दिन का समय दें तो हम पांच साल देंगें : मेनका



सुलतानपुर (आरएनएस)। केंद्रीय मंत्री एवं सुल्तानपुर निर्वाचन क्षेत्र से भारतीय जनता पार्टी(भाजपा) की प्रत्याशी श्रीमती मेनका गांधी ने कम मतदान प्रतिशत पर चिंता जाहिर करते हुए जनता से अधिक से अधिक संख्या में मतदान करने का आह्वान किया है।

केन्द्रीय मंत्री ने कहा कि बेटे वरुण गांधी के निर्वाचन क्षेत्र की जनता ने पिछले चरण के चुनाव में प्रदेश में सर्वाधिक मतदान का तोहफा दिया है। उन्होंने जनता से सवाल किया कि क्या सुल्तानपुर की जनता बेटे से अधिक मां को मतदान का तोहफा नही देगी। उन्होंने कहा जनता हमको एक दिन का समय दे देगी तो मैं पूरे पांच साल का समय दूंगी। श्रीमती गांधी रविवार देर शाम शहर के रामलीला मैदान में वृहद व्यापारी सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि इस बार के चुनाव में जनता को 75 प्रतिशत से अधिक का मतदान करना है। 2014 के चुनाव में शहर में मात्र 51 प्रतिशत का मतदान हुआ था। सुल्तानपुर का औसत मतदान 58 प्रतिशत था जो प्रदेश में सबसे कम का रिकार्ड था। उन्होंने कहा कि शहर के मतदाताओं से, खासकर व्यापारियों से आग्रह है कि वह इस भीषण गर्मी और लू में भी घरो से सुबह सुबह निकल कर अधिक से अधिक संख्या में मतदान करें।

पार्टी कार्यकर्ताओं को अधिक मतदान के लिए एक अनोखा टिप्स देते हुए बताया कि वह सुबह होते ही मोहल्लों में निकल कर थालियाँ बजाए, जिससे लोग सुबह सुबह उठने को बाध्य हो। यह बात उन्हें सुबह सुबह बुरी जरूर लगेगी लेकिन मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिये एक दिन का कष्ट जरूर सहना पड़ेगा फिर वह पांच साल उनकी समस्याओ और सुविधाओं का ध्यान रखेगी। उन्होने कहाकि मतदान से पहले यह सुनिष्चित करना होगा कि कौन मतदान देने जाने की स्थिति में नही है। उसे मतदान केंद्र तक कैसे पहुचाया जा सकता है। मरीजो को छोड़कर बृद्ध और दिव्यांग के मतदान की चिंता पहले करनी होगी।

## नाइजीरिया में बंदूकधारी ने दो विदेशी कर्मचारियों का किया अपरहण

मॉस्को । नाइजारिया में नाइगर डेल्टा पेट्रोलियम रिर्सोसेस (एनडीपीआर) तेल कंपनी के दो विदेशी कर्मचारियों का बंदूकधारियों के एक समूह ने अपरहण कर लिया। ऑपरेशन डेल्टा सुरक्षा के प्रमुख इब्राहिम अबुबकार ने यह जानकारी दी। श्री अबुबकार ने कहा, कुछ बंदूकधारियों ने 27 अप्रैल को सुबह आठ बजे एनडीपीआर में घुसकर हमला कर दिया और दो कर्मचारियों का अपरहण कर लिया। हमें जैसे ही घटना की जानकारी मिली हमने उन्हें पकड़ने की कोशिश की लेकिन वहां कोई नहीं था और हम अपराधियों को नहीं पकड़ पाए। पीड़ितों को बचाने और आरोपियों को पकड़ने की कोशिशें जारी है लेकिन हम एनडीपीआर के प्रबंधन को सलाह देना चाहते हैं कि वे अपने ऑपरेशन के लिए जरुरी सुरक्षा मुहैया कराएं। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार नाइजीरिया के नागरिक एनडीपीआर के एक और कर्मचारी का अपरहण हुआ है। बंदूकधारी किस समूह से थे इसका अभी खुलासा नहीं हुआ है। यह राज्य नाइजीरिया के दक्षिण भाग में स्थित है जो इस्लामिक स्टेट के आतंकवादियों के प्रति निष्ठा रखने वाले बोको हराम आतंकवादी समूह के चपेट से बाहर है।

## मनोज तिवारी ने लगातार तीसरे दिन किया रोड शो



नई दिल्ली (आरएनएस)। उत्तर पूर्वी दिल्ली लोकसभा सीट से दोबारा चुनाव लड़ रहे भोजपुरी अभिनेता और गायक मनोज तिवारी ने लगातार तीसरे दिन सोमवार को रोड शो निकाला। उन्होंने अपना आठ किलोमीटर लंबा रोड शो सीमापुरी क्षेत्र से शुरू किया जो बाद में नंदनगरी और सुंदरनगरी गया। उनका रोड शो दिलशाद गार्डन में खत्म होगा।

रोड शो में वे कई स्थानों पर लोगों से बात करने के लिए अपने वाहन से उतर आए। भोजपुरी स्टार की एक झलक पाने के लिए कई लोग छतों और बालकनियों में नजर आए। तिवारी इस सीट पर पूर्व मुख्यमंत्री और कांग्रेस नेता शीला दीक्षित तथा आम आदमी पार्टी (आप) दिलीप पांडे के साथ त्रिकोणीय मुकाबले में हैं।

उन्होंने शनिवार को लोनी क्षेत्र में 15 किलोमीटर तथा रविवार को बुराड़ी क्षेत्र में 10 किलोमीटर लंबा रोड शो आयोजित किया था। उन्होंने इससे पहले इसी सप्ताह अपना नामांकन भरने जाते समय भी ऐसा ही रोड शो किया था। पिछले लोकसभा चुनाव में भाजपा नेता ने आप के आनंद कुमार को 1.5 लाख मतों से हराया था। राष्ट्रीय राजधानी में मतदान 12 मई को होंगे। मतगणना 23 मई को होगी।

## ट्रेन में चोरी के मामले पिछले 10 साल में पांच गुना बढ़े

### » यात्रियों ने दर्ज करवाए 1.71 लाख मामले



नई दिल्ली ,28 अप्रैल (आरएनएस)। पिछले 10 साल के दौरान रेल यात्रियों ने रेलगाड़ियों में चोरी के 1.71 लाख मामले दर्ज कराए हैं। रेल मंत्रालय के आंकड़ों में यह जानकारी मिली है। इन आंकड़ों से पता चलता है कि रेलवे अपने यात्रियों के सामान की सुरक्षा करने की पुख्ता व्यवस्था नहीं कर पाया है। ये आंकड़े बताते हैं कि रेलवे के सुरक्षा प्रबंध में खामियां हैं।

पिछले एक दशक में चोरी के सबसे अधिक 36,584 मामले 2018 में दर्ज हुए हैं। सूचना के अधिकार (आरटीआई) कानून के तहत मांगी गई जानकारी से यह खुलासा हुआ है। मंत्रालय की ओर से दी गई जानकारी के अनुसार 2017 में चोरी के 33,044 मामले दर्ज किये गये, वर्ष 2016 में 22,106 और 2015 में 19,215 मामले दर्ज किये गये।

इसी तरह 2014 में ट्रेनों में चोरी के 14,301, वर्ष 2013 में 12,261, वर्ष 2012 में 9,292, 2011 में 9,653, 2010 में 7,549 और 2009 में 7,010 मामले दर्ज हुए। वर्ष 2009 से 2018 के दौरान ट्रेनों में चोरी के मामलों में पांच गुना वृद्धि हुई है। कुल मिलाकर 2009 से 2018 के दौरान ट्रेनों में चोरी के कुल 1,71,015 मामले दर्ज किये गये।

ये आंकड़े इस दृष्टि से महत्वपूर्ण हैं कि रेल यात्री समय-समय पर सोशल मीडिया पर सुरक्षा से संबंधित मुद्दों को लेकर चिंता जताते रहते हैं। भारतीय रेल दुनिया का दूसरा सबसे बड़ा रेल नेटवर्क है। अधिकारियों ने बताया कि रेलवे की ओर से प्रतिदिन 19,000 से अधिक ट्रेनों का परिचालन किया जाता है। रोजाना 1.3 करोड़ लोग रेल यात्रा करते हैं।

रेल मंत्रालय के मुताबिक, दैनिक आधार पर औसतन 2,500 मेल, एक्सप्रेस ट्रेनों का रेलवे सुरक्षा बल, रेलवे सुरक्षा विशेष बल की सुरक्षा में परिचालन किया जाता है। इसके अलावा करीब 2,200 ट्रेनों का सरकारी रेलवे पुलिस स्टाफ की सुरक्षा में परिचालन होता है।

## महत्वपूर्ण एवं खास

### सुरक्षा कारणों से कश्मीर घाटी में रेल सेवा स्थगित

श्रीनगर(आरएनएस)। जम्मू कश्मीर में अनंतनाग लोकसभा सीट के लिए सोमवार को दूसरे चरण के मतदान के मद्देनजर सुरक्षा कारणों से कश्मीर घाटी में रेल सेवा स्थगित कर दी गयी। अनंतनाग लोकसभा सीट पर तीन चरणों में होने वाले चुनाव के तहत आज दूसरे चरण का मतदान हो रहा है। आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि सुरक्षा के मद्देनजर घाटी में रेल सेवा को स्थगित कर दिया गया है। दक्षिणी कश्मीर के कुलगाम जिले के बडगाम-श्रीनगर, अनंतनाग-काजीगुंड से जम्मू क्षेत्र के बनिहाल तथा उत्तरी कश्मीर में श्रीनगर-बडगाम-बारामूला क्षेत्र में रेल सेवाएं स्थगित रहेगी। उन्होंने कहा कि सामान्य दिनों में सोमवार की सुबह ट्रेनों में यात्रियों की भारी भीड़ देखने को मिलती है। रेल विभाग प्रशासन और पुलिस के निर्देश पर काम कर रहा है जो यात्रियों और रेलवे अधिकारियों की सुरक्षा देखते हैं। उन्होंने कहा कि इससे पहले विरोध प्रदर्शन के कारण रेलवे स्टेशन, पटरी और सिगनल जैसी रेलवे की संपत्तियों को काफी नुकसान पहुंचा था। उल्लेखनीय है कि अनगाववादी संगठनों के संयुक्त प्रतिरोध नेतृत्व (जेआरएल) ने कुलगाम जिले में मतदान का बहिष्कार कर बंद का आह्वान किया है। इससे पहले 23 अप्रैल को हुए पहले चरण के चुनाव में सिर्फ 14 प्रतिशत मतदान हुआ था।

### चौकीदार टिप्पणी: राहुल ने नया हलफनामा दायर किया

नई दिल्ली (आरएनएस)। कांग्रेस अध्यक्ष राहुल गांधी ने सोमवार को सर्वोच्च न्यायालय में अपनी चौकीदार वाली टिप्पणी के खिलाफ अवमानना नोटिस के जवाब में एक नया हलफनामा दायर किया। उन्होंने अपना रुख दोहराया कि उन्होंने कोई माफी नहीं मांगी थी, लेकिन उन्होंने शीर्ष अदालत से जोड़कर टिप्पणी करने के लिए खेद व्यक्त किया था। अदालत इस मामले की सुनवाई मंगलवार को करेगी।

### सुरक्षा कारणों से श्रीलंका में बुर्का, हिजाब पर रोक

कोलंबो । श्रीलंका में राष्ट्रीय और सार्वजनिक सुरक्षा को देखते हुए देश में बुर्का और हिजाब पहनने पर रोक लगा दी गयी है। राष्ट्रपति मैत्रीपाला सिरिसेना ने सोमवार को कहा कि उन्होंने आपातकालीन अधिकारों के तहत यह कदम उठाया है। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार श्रीलंका में हुए हमले के सप्ताह भर बाद यह फैसला लिया गया। फैसले में स्पष्ट किया गया है कि किसी भी व्यक्ति की पहचान स्थापित करने के लिए उसके चेहरे का दिखना जरुरी है। इससे पहले सरकार ने कहा था कि जब तक प्रधानमंत्री रानिल विक्रमसिंघे की इस्लामिक मौलवियों के साथ बातचीत नहीं हो जाती तब तक इस बारे में कोई फैसला नहीं लिया जा सकता , लेकिन राष्ट्रपति ने समाज में शांति स्थापित करने और राष्ट्रीय सुरक्षा को देखते हुए यह कदम उठाया है। यह फैसला किसी भी प्रकार से किसी समुदाय विशेष को असुविधा पहुंचाने के लिए नहीं लिया गया है। पुलिस ने पिछले 24 घंटों में देश के विभिन्न हिस्सों से कुल 48 संदिग्धों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार किए गए लोगों में से दो वांछित भी शामिल हैं। उल्लेखनीय है कि सरकार ने रविवार को दो आतंकी समूह नेशनल तवहिद जमात (एनटीजे) और जमात-ए मिलातू इब्राहिम पर प्रतिबंध लगाया था।

### एयर स्ट्राइक के बाद राहुल-लालू के दफ्तर में पसरा था मातम

सीतामढ़ी (आरएनएस)। भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अमित शाह ने रविवार को आरोप लगाया कि सर्जिकल स्ट्राईक के बाद कांग्रेस और उसके सहयोगी दल राजद के कार्यालय में मातम पसरा हुआ था। सीतामढ़ी में जदयू उम्मीदवार सुनिल कुमार पिंटू के पक्ष में रविवार को एक चुनावी सभा को संबोधित करते हुए शाह ने आरोप लगाया सर्जिकल स्ट्राईक हुई। कहीं कहीं मातम था पर पूरा देश उत्सव मना रहा था। कहां कहां मातम था... एक तो पाकिस्तान में था, वहां तो होना चाहिए था। दूसरा मातम राहुल बाबा और लालू राबडी के आफिस में था।